यशोदा जायो नंदलाला

यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई,
मैं सुन आई सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

पनघट गई मैं पनिया भरन को,
गगरिया भर लाई सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

मथुरा में या ने जन्म लिया है,
शोर गोकुल भारी सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

नंद बाबा हाथी घोड़ा लूटावे,
यशोदा मोतियन थाली सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

नंद भवन में बजे नगाड़े,
बाज रही ढोलकिया सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

ब्रज नारी सब गांवे बधाइयां,
नाच रही दे दे ताली सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

सबको बट रहे लड्डू और पेड़ा,
बुड्डो को बटी रावड़ीया सखी मैं सुन आई,
यशोदा जायो नंदलाला सखी मैं सुन आई॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25268/title/yashoda-jayo-nandlala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |